www.uokonline.com

Total No. of Pages—16]

**127-BC**

## B.Com./B.Sc./B.Com. (Hons.) (Part I) Examination, 2018

## GENERAL HINDI

## (सामान्य हिंदी)

**(Compulsory Paper)**

**Time Allowed : Two Hours**

**Maximum Marks : 100**

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। ओ.एम.आर. शीट पर निर्देश पढ़कर सही उत्तर (A/B/C/D) अंकित करने के लिए संबंधित वृत्त को एच.बी. पेन्सिल से काला कीजिये।



www.uokonline.com

www.uokonline.com

www.uokonline.com

### पद्य-भाग

1. मैथिलीशरण गुप्त राष्ट्र के किस प्रमुख पद पर प्रख्यात रहे हैं ?
   (A) राष्ट्रपति (B) राज्यपाल
   (C) राष्ट्रकवि (D) राष्ट्राध्यक्ष

2. प्रभु ने तुमको कर दान किए। इस पंक्ति में कर से आशय है :
   (A) किरणें (B) हाथ
   (C) टैक्स (D) काम करने

3. 'हिमालय के आँगन में' कविता जयशंकर प्रसाद के किस नाटक से ली गई है ?
   (A) ध्रुवस्वामिनी (B) चन्द्रगुप्त
   (C) स्कन्दगुप्त (D) राज्यश्री

4. सुना है वह दधीचि का त्याग, हमारा जातीयता विकास, इस पंक्ति में दधीचि ने किसका त्याग किया था ?
   (A) राज्य दान (B) स्वर्ण दान
   (C) रक्त दान (D) अस्थि दान

5. 'सत् श्री अकाल'
   भाल-अनल धक-धक कर जला,
   सत् श्री अकाल का नारा लगाकर कौन युद्ध में उतरते थे ?
   (A) गुरु गोविन्दसिंह (B) गुरु अजीतसिंह
   (C) सरदार वल्लभभाई पटेल (D) सरदार मंजीतसिंह

6. शेरों की माँद में, आया है आज स्यार।
   शेरों की माँद किस देश को बताया है ?
   (A) पाकिस्तान (B) चीन
   (C) भारत (D) जापान



www.uokonline.com

www.uokonline.com

www.uokonline.com

7. पाण्डव वीरों के समय राजधानी दिल्ली का नाम क्या था ?
(A) पुरानी दिल्ली
(B) नई दिल्ली
(C) इन्द्रप्रस्थ
(D) अलकापुरी

8. मजदूरों के कौर छिने हैं, जिन पर उनका लगा दसन है। इस पंक्ति में उनका किस सत्ता के लिए प्रयुक्त हुआ है ?
(A) मुगल सत्ता
(B) ब्रिटिश सत्ता
(C) नारी सत्ता
(D) पुरुष सत्ता

9. रामधारी सिंह दिनकर की दिल्ली कविता में कंगालों की रानी! किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?
(A) नूरजहाँ
(B) अनारकली
(C) भारत माता
(D) मुमताज

10. कौनसे कवि घर बनाकर नहीं रहना चाहते ? वह तो साधुओं के समान फक्कड़ जीवन जीने के पक्ष में हैं।
(A) मैथिलीशरण गुप्त
(B) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) रघुराज सिंह हाड़ा

11. 'हम अनिकेतन' कविता किस काव्य-संग्रह से ली गई है ?
(A) कुंकुम
(B) रश्मि-रेखा
(C) उर्मिला
(D) प्राणार्पण

12. झाँसी की रानी का क्या नाम था ?
(A) झलकारी बाई
(B) लक्ष्मीबाई
(C) करमां बाई
(D) दुर्गाबाई

13. रानियों और बेगमों के गहने और कपड़े किस शहर के बाजार में बिक रहे थे ?
(A) दिल्ली
(B) नागपुर
(C) कलकत्ता
(D) लखनऊ



www.uokonline.com

www.uokonline.com

14. 'झाँसी की रानी' कविता में काव्यगुण है :
(A) माधुर्य
(B) ओज
(C) प्रसाद
(D) कान्ता भाव

15. 'गीत फरोश' कविता का मूल भाव कौनसा है ?
(A) ओज
(B) व्यंग्य और विवशता
(C) भक्ति
(D) रौद्र

16. "जी, बहुत ढेर लग गया, हटाता हूँ।" कवि को कविताओं का ढेर कैसा लगा जो उन्हें हटाना पड़ा ?
(A) रद्दी सा
(B) यादों सा
(C) चुराया सा
(D) अनमोल सा

17. धनपति कुबेर की नगरी का नाम क्या था ?
(A) कैलाश
(B) इन्द्रप्रस्थ
(C) अलकापुरी
(D) लंका

18. 'यात्री' नाम से काव्य-रचना कौन करते थे ?
(A) जयशंकर
(B) हजारी प्रसाद
(C) नागार्जुन
(D) श्रीकान्त वर्मा

19. शत्रु हट गया, लेकिन उनकी छायाओं का डर है। उनकी छायाओं किन दो देशों की ओर संकेत कर रहा है ?
(A) पाकिस्तान और चीन
(B) लंका और सिंगापुर
(C) लंका और चीन
(D) भूटान और पाकिस्तान

20. किस कवि ने स्वतंत्रता प्राप्ति के अवसर पर देश के रक्षकों व सीमा प्रहरियों को सचेत किया है ?
(A) सुभद्राकुमारी चौहान
(B) रघुराज सिंह हाड़ा
(C) गिरिजाकुमार माथुर
(D) अज्ञेय



www.uokonline.com
www.uokonline.com
www.uokonline.com

www.uokonline.com

21. 'शोषण से मृत है समाज, कमजोर हमारा घर है।' पंक्ति में गिरिजाकुमार माथुर ने कौनसे घर को कमजोर बताया है ?

(A) भारत को (B) दिल्ली को

(C) राजस्थान को (D) कोटा को

22. 'मैं हार नहीं मानूंगा' कविता के लेखक हैं :

(A) मैथिलीशरण गुप्त (B) जयशंकर प्रसाद

(C) श्री अटल बिहारी वाजपेयी (D) रघुराज सिंह हाड़ा

23. 'मैं हार नहीं मानूंगा' कविता में कवि का कौनसा मनोभाव प्रकट होता है ?

(A) पलायन का (B) कायरता का

(C) दृढ़संकल्प का (D) भीरु प्रवृत्ति का

24. 'शहीद की माँ' कविता के रचनाकार किस भूमि में जन्मे हैं ?

(A) मालवा (B) हाड़ौती

(C) हरियाणा (D) मारवाड़

25. सैनिक माँ के लिए हर्ष खुशी और उत्साह मनाने का दिन कब होता है ?

(A) नौकरी मिलने पर (B) पुत्र जन्म पर

(C) विवाह होने पर (D) शहीद होने पर

गद्य-भाग

26. 'बड़े घर की बेटियाँ ऐसी ही होती हैं। बिगड़ता हुआ काम बना लेती हैं।' पंक्ति में कौनसा मनोभाव है ?

(A) घृणा का (B) बड़प्पन का

(C) संकुचित मानसिकता का (D) शर्म का

27. मैं ईश्वर को साक्षी देकर कहती हूँ कि तुम्हारी ओर से मेरे मन में तनिक भी मैल नहीं है। 'बड़े घर की बेटी' कहानी में यह कथन किसका है ?

(A) बेनीमाधव सिंह का (B) आनंदी का

(C) लालबिहारी का (D) श्रीकंठ का



www.uokonline.com

www.uokonline.com

www.uokonline.com

28. बड़े घर की बेटी आनंदी का विवाह किसके साथ हुआ था ?

(A) भूपसिंह (B) श्रीकंठ

(C) बेनीमाधव (D) लालबिहारी

29. नाखून का बढ़ना मनुष्य के भीतर की कौनसी निशानी है ?

(A) वंशानुगत की (B) पशुता की

(C) अधिक प्रोटीन की (D) सौन्दर्यप्रियता की

30. मनुष्य के नाखून बढ़ना उसकी किस प्रवृत्ति का प्रतीक है ?

(A) राजसी (B) मानसी

(C) तामसी (D) सात्विक

31. वासुदेवशरण अग्रवाल ने 'राष्ट्र का स्वरूप' निबन्ध में जनता के महत्व एवं उनमें निहित परस्पर एकता की किस भावना को रेखांकित किया है ?

(A) एकता चालो रे (B) ब्रह्मचारी

(C) समन्वय की (D) वैराग्य की

32. विभिन्न नदियों का, भौगोलिक स्थितियों का जल कहाँ जाकर एकमेक हो जाता है ?

(A) गंगा में (B) मानसरोवर में

(C) सागर में (D) झीलों में

33. भारतीय संस्कृति की अनुपम विशेषता है :

(A) बौद्ध धर्म (B) मुस्लिम धर्म

(C) विविधता में एकता (D) हिन्दू धर्म

34. 'गेहूँ और गुलाब' निबन्ध में गुलाब किस वर्ग का प्रतीक है ?

(A) निम्न वर्ग का (B) धनाढ्य वर्ग का

(C) सुन्दरता का (D) श्रमिकों का



www.uokonline.com

www.uokonline.com

www.uokonline.com

35. 'गेहूँ और गुलाब' निबन्ध में मानव जीवन की प्राथमिक आवश्यकताएँ कौनसी हैं ?

(A) प्रेम, रोटी, मकान (B) रोटी, पत्नी, गुरु

(C) मोबाइल, इन्टरनेट, हवा (D) रोटी, कपड़ा, मकान

36. 'भवानीशंकरौ वन्दे' निबन्ध में मानवतावादी जीवन मूल्य हैं :

(A) सत्य, परोपकार (B) हिंसा, परोपकार

(C) हिंसा, सत्य (D) आतंकवाद, परोपकार

37. यदि मनुष्य संस्कारहीन और मूल्यहीन है तो उसका व्यक्तित्व होगा :

(A) सौन्दर्यमयी (B) रूपवान

(C) सर्वश्रेष्ठ (D) विकृत

38. रांगेय राघव का 'अदम्य जीवन' में कौनसी साहित्यिक विधा है ?

(A) उपन्यास (B) नाटक

(C) कहानी (D) रिपोर्ताज

39. 'अदम्य जीवन' में लेखक ने बंगाल के किस अकालग्रस्त गाँव का चित्रण किया है ?

(A) कलकत्ता (B) शिद्धिरगंज

(C) कोटा (D) बिहार

40. रामकुमार वर्मा की रचना है :

(A) अदम्य जीवन (B) उत्सर्ग

(C) ताँबे के कीड़े (D) कामायनी

41. अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी कलकत्ता की बैठक में गाँधीजी के बराबर में कुर्सी पर कौन बैठे थे ?

(A) राजेन्द्र बाबू (B) डलहौजी

(C) सुभाषचन्द्र बोस (D) चन्द्रशेखर आजाद



www.uokonline.com

www.uokonline.com

42. राजेन्द्र बाबू के नौकर ने गाँधीजी के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया क्योंकि उसने समझा कि वह एक .................................. है। रिक्त स्थान पर कौनसा पद आयेगा ?

(A) मुवक्किल (B) साधु

(C) शरणार्थी (D) अध्यापक

43. अमृतलाल बेगड़ ने अपने किस साथी के साथ 'महाराजपुर के ग्वारीघाट' की यात्रा की ?

(A) यादवेन्द्र (B) सुरेन्द्र

(C) महेन्द्र (D) गजेन्द्र

44. अमृतलाल बेगड़ को पटेल द्वारा पिलाया प्रागैतिहासिक शरबत बना था :

(A) अनार से (B) अनन्नास से

(C) आँवला और पुदीने से (D) सेब और पपीते से

45. महादेवी वर्मा की भक्तिन का नाम क्या था ?

(A) सरस्वती (B) लक्ष्मी

(C) दुर्गा (D) सीता

46. भक्तिन को किस विषय का पूरा ज्ञान था ?

(A) हिंदी का (B) गणित का

(C) लोकाचार का (D) मनोविज्ञान का

47. भक्तिन के अनुसार संसार भर के हलुवे को कौन लजा सकता है ?

(A) पुए (B) सफेद महुए की लपसी

(C) दतिये की लपसी (D) बाजरे की लपसी

48. हमारी राष्ट्रभाषा कौनसी है ?

(A) अंग्रेजी (B) हिंदी

(C) संस्कृत (D) राजस्थानी



www.uokonline.com
www.uokonline.com
www.uokonline.com

www.uokonline.com

49. मनहर चौहान ने 'हिंदी हमारी मातृभाषा है' रचना में हिंदी भाषा में सर्वाधिक महत्त्व किसका बताया है ?

(A) अनुस्वार का (B) मात्राओं का

(C) अनुनासिक का (D) विराम चिह्नों का

50. 'हिन्दी हमारी मातृभाषा है' रचना किस प्रकार की है ?

(A) ललित निबन्ध (B) व्यंग्य रचना

(C) रिपोर्ताज (D) संस्मरण

**व्याकरण-भाग**

51. जगत् + ईश से बनने वाला शब्द कौनसी संधि का उदाहरण है ?

(A) स्वर (B) अयादि

(C) व्यंजन (D) विसर्ग

52. तपोवन का संधि-विच्छेद बताइये :

(A) तप: + वन (B) तप + वन

(C) तप + वनो (D) तपो + वन:

53. महा + उत्सव से कौनसा शब्द बनेगा ?

(A) महाउत्सव (B) महउत्सव

(C) म्होउत्सव (D) महोत्सव

54. अनु + एषण से कौनसा शब्द बनता है ?

(A) अनुवेषण (B) अन्वेषण

(C) अन्वेषाण (D) अनुवेशण

55. बहुब्रीहि समास का उदाहरण है :

(A) आजन्म (B) दशानन

(C) रसोईघर (D) तिराहा



www.uokonline.com

www.uokonline.com

www.uokonline.com

56. 'यथाशक्ति' में कौनसा समास है ?

(A) द्वंद्व (B) तत्पुरुष

(C) अव्ययीभाव (D) कर्मधारय

57. 'तुलसीकृत' में कौनसा समास है ?

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष

(C) द्वंद्व (D) द्विगु

58. प्र उपसर्ग के योग से कौनसा शब्द बना है ?

(A) प्रहार (B) प्रतिहार

(C) प्रत्युष (D) पर्यावरण

59. 'सुभाषित' शब्द में कौनसा उपसर्ग है ?

(A) सुभ (B) शुभ

(C) सुभा (D) सु

60. एरा प्रत्यय का उदाहरण है :

(A) लकड़हारा (B) कलईगर

(C) सपेरा (D) लोहार

61. आलु प्रत्यय के योग से कौनसा शब्द बना है ?

(A) भालू (B) भालु

(C) दयालू (D) दयालु

62. 'ऊंट' का पर्यायवाची है :

(A) महाग्रीव (B) मेप

(C) वृषभ (D) पाश्व

63. 'कामदेव' का पर्यायवाची है :

(A) रसाल (B) रतिपति

(C) मंगल (D) शनि



www.uokonline.com

www.uokonline.com

www.uokonline.com

64. 'नेकी' का विलोम शब्द है :

(A) इज्जत
(B) ईमान
(C) बदी
(D) भलाई

65. 'श्रीगणेश' का विलोम है :

(A) इतिश्री
(B) गजानन
(C) अश्रद्धा
(D) लम्बोदर

66. निम्न में से कौनसा शब्द शुद्ध है ?

(A) श्रृंगार
(B) शृंगार
(C) शृंगार
(D) श्रंगार

67. शुद्ध शब्द चुनिए :

(A) राजनितीक
(B) राजनैतिक
(C) राजनीतिक
(D) राजनीतीक

68. शुद्ध वाक्य चुनिए :

(A) चुपचाप से जाओ।
(B) चुपचाप चले जाओ।
(C) चुपचाप रहकर जाओ।
(D) जाओ चुपचाप से।

69. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :

(A) बैठो और पुस्तक पढ़ो।
(B) बैठो पढ़ो पुस्तक।
(C) बैठो और पुस्तकों को पढ़ो।
(D) बैठकर पुस्तकों से पढ़ो।

70. "जिसके आने की तिथि ज्ञात न हो" का वाक्यांश होगा :

(A) अप्रत्याशित
(B) अतिथि
(C) अप्रमेय
(D) अकथनीय



www.uokonline.com

www.uokonline.com

www.uokonline.com

71. "अपने मन के भावों को गुप्त रखने वाला" का वाक्यांश होगा :

(A) मुखरित
(B) स्वार्थी
(C) घुन्ना
(D) प्रभावशाली

72. "टोपी उछालना" का अर्थ है :

(A) बाजीगरी करना
(B) जादू दिखाना
(C) अपमान करना
(D) कलाबाजी करना

73. 'नौ दो ग्यारह होना' का अर्थ है :

(A) इक्कीस होना
(B) नौ और दो का योग ग्यारह होना
(C) एकत्र होना
(D) भाग जाना

74. 'दूध का दूध और पानी का पानी' लोकोक्ति का अर्थ है :

(A) सच्चा न्याय करना
(B) मावा और पानी बनाना
(C) भ्रष्टाचार करना
(D) भैंस को न्याय दिलाना

75. 'रमता जोगी, बहता पानी' लोकोक्ति किसके लिए प्रयुक्त होती है ?

(A) यायावर
(B) जीवित
(C) साधु
(D) गंगा नदी

76. 'अलि-आली' शब्द युग्म का सही अर्थ है :

(A) मेंहँदी-सखी
(B) भ्रमर-सखी
(C) ज़ुल्फ-सखी
(D) केश-सखी

77. 'गृह-ग्रह' शब्द युग्म का अर्थ चुनिए :

(A) गृहकार्य-नक्षत्र
(B) नक्षत्र-कक्ष
(C) घर-नक्षत्र
(D) महाविद्यालय-नक्षत्र



www.uokonline.com

www.uokonline.com

www.uokonline.com

78. 'जलज-जलद' शब्द युग्म का आशय है :
(A) बादल-कमल
(B) कमल-बादल
(C) कीचड़-कमल
(D) कमल-कलम

79. 'कान' का तत्सम शब्द क्या है ?
(A) करण
(B) कन्ह
(C) कर्ण
(D) कह

80. 'पेड़' का तत्सम शब्द क्या है ?
(A) वृक्ष
(B) फेड़
(C) पेहड़
(D) पैड़

81. 'दुग्ध' का तद्भव शब्द कौनसा है ?
(A) दूध
(B) घी
(C) मक्खन
(D) घृत

82. 'चक्षु' का तद्भव रूप कौनसा है ?
(A) कान
(B) त्वचा
(C) जीभ
(D) आँख

83. राजस्थान को देशज भाषा में क्या कहते हैं ?
(A) हिन्दूस्तान
(B) मरुधरा
(C) राजवाड़ा
(D) हाड़ौती

84. 'दचका' कौनसा शब्द है ?
(A) अंग्रेजी
(B) तत्सम
(C) देशज
(D) उर्दू

85. 'गणेश' के अनेकार्थी शब्द हैं :
(A) राम, गजानन, मांडवी, उर्मिला
(B) गजानन्द, लम्बोदर, विनायक
(C) रिद्धि-सिद्धी पति, लाभ, शुभ
(D) शिव, पार्वती, कार्तिकेय भ्राता



www.uokonline.com

www.uokonline.com

www.uokonline.com

86. 'पुष्प' के अनेकार्थी शब्द हैं :
(A) सुमन, फूल, पुहुप
(B) कली, बेल, भ्रमर
(C) सौरभ, जड़, मूल
(D) पत्ती, लता, अली

87. 'अग्नि' के अनेकार्थी शब्द हैं :
(A) जलज, पावक, हुताशन
(B) हुताशन, पयोद, जलधि
(C) आग, हुताशन, पावक
(D) सागर, हुताशन, अंबु

88. Director का पारिभाषिक शब्द है :
(A) प्राचार्य
(B) उपाचार्य
(C) निदेशक
(D) व्याख्याता

89. Exit का पारिभाषिक शब्द है :
(A) स्वागत
(B) स्वागतम्
(C) सुस्वागतम
(D) निर्गम

90. Identity का पारिभाषिक शब्द है :
(A) व्यक्तित्व
(B) पहचान
(C) कृतित्व
(D) वंश

91. 'गंदी बस्ती' का पारिभाषिक शब्द है :
(A) Site
(B) Slack
(C) Slum
(D) Senate

92. 'स्थान' का पारिभाषिक शब्द है :
(A) Vest
(B) Visit
(C) Visa
(D) Venue

93. 'योजना' का पारिभाषिक शब्द है :
(A) Article
(B) Plan
(C) Veto
(D) Gazette



www.uokonline.com

www.uokonline.com

www.uokonline.com

94. 'प्रणय-परिणय' का **सही** युग्म है :

(A) परिचय-विवाह
(B) प्रेम-विवाद
(C) प्रेम-विवाह
(D) तलाक-विवाह

95. एक ही माता से जन्म लेने वाला भाई कहलाता है :

(A) भ्राता
(B) आत्मजा
(C) आत्मक
(D) सहोदर

96. 'उत्तीर्ण' का विलोम है :

(A) प्रकीर्ण
(B) अनुत्तीर्ण
(C) विकीर्ण
(D) शीर्ण

97. 'अपना उल्लू सीधा करना' कहावत का आशय है :

(A) महामूर्ख
(B) स्वार्थ सिद्ध करना
(C) शीघ्र मूर्ख बनना
(D) मूर्ख बनाना

98. शुद्ध वाक्य है :

(A) आज कॉलेज बन्द हो गया।
(B) बन्द हो गया कॉलेज।
(C) कॉलेज आज बन्द हो गया।
(D) बन्द हो गया आज कॉलेज।

99. Annual का पारिभाषिक शब्द है :

(A) वर्षाक
(B) वर्ष पूर्व
(C) वार्षिकीय
(D) वार्षिक

100. शशिशेखर, मदनरिपु, पिनाकी, नीलकण्ठ, त्रिलोचन किसके अनेकार्थी हैं ?

(A) महादेव के
(B) चन्द्रमा के
(C) इन्द्र के
(D) सागर के



www.uokonline.com

www.uokonline.com